श्री बंशीधर नगर सोमवार 03.08.2026 श्रावण कृष्णपक्ष पंचमी संवत 2084 वर्ष : 04, अंक : 337




**सुविचार**

मेरी पीढ़ी की सबसे बड़ी खोज यह है कि मनुष्य अपने दृष्टिकोण में परिवर्तन करके अपना जीवन बदल सकता है।

**न्यूज अपडेट्स**

### कल से भारी बारिश के आसार, येलो अलर्ट जारी

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिलों में मंगलवार से भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने रविवार को बताया कि अगस्त माह में सामान्य से कम वर्षा होने का अनुमान है, हालांकि बीच-बीच में मौसम प्रणाली (सिस्टम) सक्रिय होने पर अच्छी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, जुलाई माह में राज्य में अपेक्षाकृत अच्छी बारिश दर्ज की गई। वहीं आने वाले दिनों में कुछ जिलों में भारी वर्षा के साथ तेज हवा और आकाशीय बिजली गिरने की आशंका जताई गई है। विभाग के अनुसार, 5 अगस्त को उत्तर-पश्चिमी और मध्यवर्ती जिलों हजारीबाग, कोडरमा, रामगढ़ और बोकारो में भारी बारिश की संभावना है। इसके अलावा उत्तर-पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र के पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम तथा सरायकेला-खरसावां जिलों में भी वर्षा की गतिविधियां तेज रहने का अनुमान है। वहीं 6 अगस्त को हजारीबाग, कोडरमा, रामगढ़, रांची, लोहरदगा, गुमला और खूंटी जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई गई है।

**सावन में अध्यात्म** **सावन का पहला सोमवार आज**

# उज्जैन से बाबाधाम, काशी तक जलाभिषेक

**3 अगस्त** 2026 को सावन माह का पहला सोमवार व्रत रखा जा रहा है। यह दिन भगवान शिव को समर्पित सबसे शुभ दिनों में से एक माना जाता है। मान्यता है कि, सावन के पहले सोमवार पर शिवलिंग का जलाभिषेक कर बेलपत्र, भांग-धतूरा और अन्य पूजन सामग्री अर्पित करने से अधूरे कार्य पूरे होते हैं तथा मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। साथ ही वैवाहिक और प्रेम जीवन में सुख-समृद्धि आने की भी मान्यता है। शास्त्रों के अनुसार, इस दिन दान-पुण्य का विशेष महत्व बताया गया है और श्रद्धा-भाव से व्रत एवं पूजा करने पर भगवान शिव की कृपा प्राप्त होती है। ऐसे में आइए जानते हैं सावन के पहले सोमवार का शुभ मुहूर्त और पूजा विधि।

### सावन के पहले सोमवार के शुभ मुहूर्त

ब्रह्म मुहूर्तः सुबह 04:19 बजे से 05:01 बजे तक

इस समय भगवान शिव की पूजा करना बेहद शुभ माना जाता है।

अभिजीत मुहूर्त : दोपहर 12:00 बजे से 12:54 बजे तक

शिव आराधना और अभिषेक के लिए सर्वश्रेष्ठ मुहूर्त होता है।

प्रदोष कालः शाम 06:26 बजे से 07:56 बजे तक

भगवान शिव की विशेष पूजा के लिए प्रदोष काल अत्यंत शुभ माना जाता है।

निशिता कालः रात्रि 11:33 बजे से 12:21 बजे तक

महाकाल की कृपा और मनोकामाएं पूरी करने के लिए यह समय शुभ माना जाता है।

### सावन सोमवार पर शिवलिंग पर क्या चढ़ाएं?

सावन के पहले सोमवार पर आप शिवलिंग पर शुद्ध जल और गंगाजल अर्पित करें।

भगवान शिव को बेलपत्र चढ़ाएं। ध्यान रखें कि बेलपत्र खंडित न हो।


शमी के पत्ते अर्पित करना भी शुभ माना जाता है। इससे प्रभु प्रसन्न होते हैं।

भांग और धतूरा भगवान शिव को अत्यंत प्रिय माने जाते हैं, इसलिए इन्हें भी अर्पित किया जा सकता है।

एक लोटा दूध और शहद चढ़ाना लाभकारी होता है। इससे जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहती हैं।

सावन सोमवार पूजा विधि

सावन सोमवार क ी पूजा के



लिए सबसे पहले पूजा स्थल और शिवलिंग को साफ करें।

भगवान शिव क ा ध्यान

करते ह ु ए व्रत का संकल्प लें।

अब सबसे पहले शिवलिंग पर शुद्ध जल और गंगाजल चढ़ाएं।

इसके बाद शुद्ध पंचामृत तैयार कर शिवलिंग का अभिषेक करें।

इस समय ॐ नमः शिवाय' मंत्र का क म से कम 108 बार जाप करें।

प ं चा मृ त अभिषेक के बाद दोबारा साफ जल से शिवलिंग का स्नान कराएं।

प्रभु को 21 बेलपत्र, भांग, धतूरा, अनाज, फल और शमी के पत्ते चढ़ाएं।

आप अक्षत, चंदन और तिल भी अर्पित कर सकते हैं।

पार्वती जी को सुहाग सामग्री और भगवान गणेश को दूर्वा अर्पित कर पूरे शिव परिवार की पूजा करें।

अंत में घी का दीपक जलाकर आरती करें।

### सावन सोमवार व्रत के नियम

सुबह स्नान कर स्वच्छ वस्त्र पहनकर भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा और अभिषेक करें।

व्रत के दौरान सात्विक भोजन का ही सेवन करें।

व्रत के दौरान क्रोध और नकारात्मक विचारों से दूर रहें।

पूजा के बाद जरूरतमंद लोगों को दान करना शुभ माना जाता है।

शिव पूजन में बेलपत्र अवश्य अर्पित करें, क्योंकि यह भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है।

पूरे दिन संयम और ब्रह्मचर्य का पालन करें। व्रत के दिन अधिक समय तक सोने या दिन में शयन करने से बचें।

**रामकृपाल कंस्ट्रक्शन के ठिकानों पर आईटी सर्वे**

## 350 करोड़ की अघोषित आय मिली




बंशीधर न्यूज

**रांची।** रामकृपाल कंस्ट्रक्शन और उससे जुड़ी कंपनियों के ठिकानों पर सर्वे के दौरान 350 करोड़ रुपये की अघोषित आय का पता चला है। साथ ही अस्तित्वहीन कंपनियों से सामान खरीद के सबूत भी मिले। इसके अलावा अन्य प्रकार की वित्तीय गड़बड़ियां पायी गयीं। रामकृपाल कंस्ट्रक्शन के ठिकानों पर आयकर का सर्वे चौथे दिन रविवार को समाप्त हो गया।

उल्लेखनीय है कि आयकर विभाग की अनुसंधान शाखा ने रामकृपाल कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड और उससे जुड़ी कंपनियों के रांची, बेगुसराय और गुड़गांव के ठिकानों पर 31 जुलाई को सर्वे शुरू किया था। कंपनी की व्यापारिक गतिविधियों से जुड़े दस्तावेज की जांच पड़ताल और संबंधित लोगों का बयान दर्ज करने के बाद रविवार की दोपहर को सर्वे समाप्त हो गया। सर्वे में आयकर के 150 अधिकारी लगाए गये थे। सर्वे के दौरान 350 करोड़ रुपये की अघोषित आयकर पता चला। कंपनी की ओर से दिखाये गये 200 करोड़ रुपये के नकद खर्च का विस्तृत ब्योरा कंपनी से जुड़े लोग देने में असमर्थ रहे। हवाला के सहारे 50 करोड़ रुपये के कैश जेनरेट किया गया था। जांच के दौरान कंपनियों की दिखाई गई सामग्रियों की खरीद से संबंधित कुछ मामलों की जांच की गयी। लेकिन जिन कंपनियों से खरीद दिखाई गयी थी, उनका कहीं अस्तित्व नहीं पाया गया। यानी वित्तीय गड़बड़ी करने के लिए अस्तित्वहीन कंपनियों के सामग्रियों की खरीद दिखाई गई थी। सर्वे के दौरान मिले तथ्यों और सूचनाओं के सिलसिले में आगे की जांच की जा रही है।

**एक और मुठभेड़ : साहेबगंज से धनबाद जेल किया जा रहा था शिफ्ट**

# कुख्यात गैंगस्टर सुजीत सिन्हा एनकाउंटर में ढेर

**रांचीः** झारखंड का कुख्यात गैंगस्टर सुजीत सिन्हा पुलिस एनकाउंटर में मारा गया है। घटना रविवार की रात जामताड़ा जिले में हुई है। लो लंबे समय से जेल में बंद है और भागनी कोशिश में मारा गया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार सुजीत सिन्हा को रविवार को साहेबगंज जेल से धनबाद जेल शिफ्ट किया जाना था। इसी दौरान उसे कैदी वैन में बैठाकर जामताड़ा के रास्ते धनबाद ले जाया जा रहा था। जैसे ही जामताड़ा



जिला की सीमा में कैदी वैन पहुंची और सुजीत सिन्हा ने कहा कि उसे टॉयलेट जाना है। जिसके बाद कैदी वैन रुकी। इसके बाद सुजीत सिन्हा ने मौका देखते ही कैदी वैन में सवार एक पुलिसकर्मी का हथियार छीन कर भागने लगा और फायरिंग करने लगा। इसके बाद मौके पर तैनात पुलिस कर्मियों की ओर से जवाबी कार्रवाई की गई जिसमें सुजीत सिन्हा मौके पर ही मारा गया।

### जेल से निकला... रास्ते में चली गोलियां

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, जामताड़ा की सीमा में पहुंचने पर सुजीत सिन्हा ने शौच जाने की बात कही। पुलिस ने जैसे ही वाहन रोका, उसने कथित तौर पर एक पुलिसकर्मी का हथियार छीन लिया और अंधेरे का फायदा उठाकर भागने लगा। आरोप है कि उसने पुलिस टीम पर फायरिंग भी शुरू कर दी।

### अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित किया

अचानक हुए इस घटनाक्रम से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें सुजीत सिन्हा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पूरे इलाके की घेराबंदी कर सघन तलाशी अभियान चलाया गया। पुलिस मुठभेड़ के हर पहलू की जांच में जुट गई है। वरिष्ठ अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचकर पूरे घटनाक्रम की समीक्षा कर रहे हैं।

### सुजीत सिन्हा का आपराधिक नेटवर्क कई जिलों में फैला

मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के रेडमा निवासी सुजीत सिन्हा का आपराधिक नेटवर्क राज्य के कई जिलों में फैला है। उस पर रांची, हजारीबाग, लातेहार, चतरा, रामगढ़ और पलामू समेत विभिन्न जिलों में पांच दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार केवल पलामू जिले में ही उसके खिलाफ 20 से अधिक मामले दर्ज हैं। इन मामलों में रंगदारी, हत्या, आर्म्स एक्ट और गैंग आपरेशन से जुड़े मामले शामिल हैं। हाल के वर्षों में वह कुछ मामलों में न्यायालय से बरी भी हुआ है, लेकिन कई गंभीर मामले अब भी विचाराधीन हैं।

# आदिवासी एकता महाजुटान रैली आगामी 30 अगस्त को, परिसीमन बनेगा मुख्य मुद्दा




रांची। लोकसभा और विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के प्रस्तावित परिसीमन तथा आदिवासी राजनीतिक प्रतिनिधित्व के मुद्दे पर आगामी 30 अगस्त को मोराबादी मैदान में आयोजित होने वाली आदिवासी एकता महाजुटान रैली की तैयारियों को लेकर रविवार को मोराबादी स्थित पूर्व मंत्री बंधु तिर्की के आवास पर राज्यस्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में झारखंड के विभिन्न जिलों से आए आदिवासी समाज, सामाजिक एवं जनसंगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष नौ अगस्त 2026 को मनाए जाने वाले विश्व आदिवासी दिवस का मुख्य विषय परिसीमन एवं आदिवासी राजनीतिक प्रतिनिधित्व की रक्षा होगा। इस विषय पर पूरे राज्य में व्यापक जनजागरण अभियान चलाकर समाज को परिसीमन के संभावित प्रभावों तथा संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाएगा। बैठक में यह भी तय किया गया कि 30 अगस्त की महाजुटान रैली में झारखंड के सभी 24 जिलों से हजारों की संख्या में आदिवासी समाज, पारंपरिक ग्राम प्रधान, छात्र-युवा, महिला संगठन, बुद्धिजीवी एवं जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। आयोजन समिति ने इसे आदिवासी अधिकारों और राजनीतिक प्रतिनिधित्व की रक्षा के लिए ऐतिहासिक जनसमागम बनाने का संकल्प लिया। रैली की तैयारियों के तहत छह से 18 अगस्त तक राज्यव्यापी जनसंपर्क एवं जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। अभियान की शुरूआत गढ़वा और पलामू से होगी, जिसमें पूर्व मंत्री बंधु तिर्की शामिल रहेंगे। बैठक में रैली की रूपरेखा, जिला संयोजकों एवं प्रवक्ताओं की नियुक्ति सहित आगामी कार्यक्रमों को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से बंधु तिर्की, दयामनी बारला, रमा खलखो, शशि पन्ना सहित विभिन्न जिलों के कई प्रतिनिधि मौजूद थे।

## न्यूज अपडेट्स

### पारस एचईसी हॉस्पिटल में पेन मैनेजमेंट क्लिनिक शुरू

**रांची।** पारस एचईसी हॉस्पिटल, रांची ने लंबे समय से दर्द की समस्या से जूझ रहे मरीजों को विशेषज्ञ उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रविवार को अत्याधुनिक पेन मैनेजमेंट क्लिनिक की शुरूआत की गई। इस क्लिनिक में नसों के दर्द, जोड़ों के दर्द, फ्रैक्चर के बाद होने वाले दर्द, बार-बार होने वाले सिरदर्द और रीढ़ से जुड़ी दर्द संबंधी समस्याओं का आधुनिक तकनीकों के माध्यम से इलाज किया जाएगा। हॉस्पिटल के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नीतेश कुमार ने कहा कि लंबे समय तक दर्द को नजरअंदाज करना गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है। इसका असर व्यक्ति की कार्यक्षमता और मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। उन्होंने कहा कि समय पर विशेषज्ञ से परामर्श और उचित उपचार से मरीज दर्दमुक्त एवं बेहतर जीवन जी सकते हैं। हॉस्पिटल में कंसल्टेंट (एनेस्थीसिया और पेन मैनेजमेंट) डॉ कुमार दुश्यंत मरीजों का उपचार करेंगे। ओपीडी का समय प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम चार बजे तक निर्धारित किया गया है। क्लिनिक में नर्व ब्लॉक एवं ट्रिगर प्वाइंट इंजेक्शन, पीआरपी और अल्ट्रासाउंड गाइडेड जॉइंट इंजेक्शन, स्पाइन पेन इंटरवेंशन तथा कैंसर पेन मैनेजमेंट एवं पेलिएटिव केयर जैसी उन्नत सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी।

## रांची ▶ पुलिस ने हिरासत में लेकर शुरू की पूछताछ

# आठ घंटे बाद टावर से नीचे उतरा हीरालाल



**रांची।** राजधानी रांची के जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम परिसर स्थित मोबाइल टावर पर चढ़ा युवक हीरालाल रविवार को करीब आठ घंटे की मशक्कत के बाद सुरक्षित नीचे उतर आया। अधिकारियों और मौके पर मौजूद लोगों के काफी समझाने-बुझाने के बाद वह नीचे आने के लिए राजी हुआ। नीचे उतरते ही पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ के लिए थाने भेज दिया। टावर से उतरने के बाद हीरालाल ने मीडिया से बातचीत में कहा कि वह अपनी पत्नी और बच्चों के लिए नीचे आया है। नीचे आते ही वह भावुक हो गया और रोते हुए पत्नी व बच्चों से मिला। उसने अपने बच्चों को गोद में उठाया और काफी देर तक भावुक रहा। मीडिया से बातचीत के दौरान हीरालाल ने आरोप लगाया कि वह सरकारी नियुक्तियों में कथित अनियमितताओं से परेशान है। उसका कहना था कि वह लंबे समय से सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहा है, लेकिन भर्ती प्रक्रियाओं में कथित गड़बड़ियों के कारण उसे अब तक सफलता नहीं मिल सकी। उसने दावा किया कि इसी वजह से वह मानसिक रूप से काफी परेशान था। हीरालाल ने अपने पारिवारिक जीवन को लेकर भी कई बातें कहीं। उसका आरोप था कि उसकी पत्नी एक मेडिकल दुकान संचालित करती है और अक्सर उसे ताने देती थी कि वह एक रुपया भी कमाने की क्षमता नहीं रखता। इसी कारण उसने मुख्यमंत्री से प्रतीकात्मक रूप से एक रुपये की मांग की थी। हालांकि, इन व्यक्तिगत आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। उसने यह भी कहा कि वह पिछले कई दिनों से जेपीएससी परीक्षा में कथित गड़बड़ी के विरोध में चल रहे अभ्यर्थियों के आंदोलन में शामिल था और अपनी मांगों को विभिन्न माध्यमों से उठाता रहा। उसके अनुसार, आंदोलनकारी छात्रों की मांगों पर सरकार की ओर से ध्यान नहीं दिए जाने से वह आक्रोशित था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हीरालाल को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। उससे घटना के कारणों और पूरे घटनाक्रम के संबंध में पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पूछताछ पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि उसने यह कदम किन परिस्थितियों में उठाया।

उल्लेखनीय है कि जेपीएससी परीक्षा में कथित अनियमितताओं के विरोध में जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में अभ्यर्थियों का आंदोलन लगातार जारी है। इसी बीच शनिवार देर रात करीब 1:30 बजे हीरालाल धरनास्थल के समीप स्थित मोबाइल टावर पर चढ़ गया, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा लगातार समझाने का प्रयास करते रहे। अंततः करीब आठ घंटे बाद अधिकारियों, पुलिस और स्थानीय लोगों के प्रयास से उसे सुरक्षित नीचे उतार लिया गया, जिसके बाद सभी ने राहत की सांस ली।

## कराटे में चमके बिरला ओपन माइंड्स के छात्र, झारखंड राज्य चैंपियनशिप में जीते 6 पदक



**श्री बंशीधर नगर :** बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल सिरियाटोंगर के छात्रों ने मेदिनीनगर के जिला स्कूल में आयोजित झारखंड राज्य कराटे चैंपियनशिप-2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुये तीन रजत एवं तीन कांस्य पदक अपने नाम किया है। सभी छह प्रतिभागियों ने पदक जीतकर विद्यालय व क्षेत्र का मान बढ़ाया है। रजत पदक अगस्त्य राज (कक्षा-4), निधि कुमारी पांडेय (कक्षा-5) एवं आकांक्षा सिंह (कक्षा-3) एवं कांस्य पदक प्रज्ञान शुक्ला (कक्षा-3), नायरा कुमारी (कक्षा-5) और राव्या कुमारी (कक्षा-5) ने हासिल किया। विद्यालय के अध्यक्ष बीरेन्द्र सिंह, निदेशक मनीष कुमार सिंह, सह-निदेशक युवराज सिंह एवं प्राचार्य रविश प्रजापति ने सभी विजेता छात्रों, कराटे कोच विकास कुमार और अभिभावकों को बधाई देते हुये कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की मेहनत, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रशिक्षण का परिणाम है। विद्यालय प्रबंधन ने खेलों को निरंतर बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता दोहराई।

## पंचतत्व में विलीन हुये सुप्रसिद्ध मूर्तिकार एवं जोकर के नाम से विख्यात रामकुंवर बौद्ध



**मेराल :** प्रखंड मुख्यालय के मेराल पश्चिम पंचायत अंतर्गत छःआना टोला के अंकड़ी टोला निवासी सुप्रसिद्ध मूर्तिकार एवं स्थानीय रंगमंच पर जोकर के नाम से प्रसिद्ध रामकुंवर बौद्ध का रविवार को सम्मान और सामाजिक श्रद्धा के साथ अंतिम संस्कार किया गया। 83 वर्षीय रामकुंवर बौद्ध का शनिवार देर रात रांची के एक अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया था। उनके निधन की खबर से मेराल सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। रामकुंवर बौद्ध ने युवावस्था से ही अपनी अद्वितीय शिल्पकला के बल पर मूर्ति निर्माण के क्षेत्र में विशिष्ट पहचान बनाई। वे एक कुशल मूर्तिकार होने के साथ-साथ स्थानीय नाट्य मंचों पर जोकर की भूमिका निभाकर लोगों को हंसाने के लिये भी प्रसिद्ध थे। पिछले दो दशकों से उन्होंने बौद्ध धर्म के सिद्धांतों को अपनाते हुये समाज में समता, शिक्षा, भाईचारा और सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। उनके निधन को समाज के लिये अपूरणीय क्षति बताते हुये अनुसूचित जाति-जनजाति कर्मचारी महासंघ गढ़वा के जिलाध्यक्ष रघुराई राम, मुखिया उर्मिला देवी, मुन्ना राम, नाथुन राम, नवीन जायसवाल, शिक्षक संदीप कुमार, उदय राम, दिनेश राम सहित अनेक लोगों ने गहरी संवेदना व्यक्त की। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में शुभचिंतक एवं गणमान्य के साथ परिजन रामाधार राम, अजय राम, मृत्युंजय कुमार, धनंजय राम, अनुजय कुमार, अजय कुमार, मतराज राम, अतुल कुमार, आर्यन सहित कई लोग शामिल थे।

## संत रविदास की 650वीं जयंती पर कल से निकलेगी कलश वंदन यात्रा



**रांची।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे समरसता संकल्प अभियान के तहत झारखंड में 4 अगस्त से कलश वंदन यात्रा का शुभारंभ होगा। भाजपा के प्रदेश महामंत्री अमर कुमार बाउरी ने रविवार को इसकी जानकारी दी। बाउरी ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य संत रविदास के समता, सेवा, भक्ति, सामाजिक न्याय और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि 4 अगस्त को रांची के डिबडीह स्थित कार्निवल बैंक्वेट हॉल में आयोजित कार्यक्रम के बाद विधिवत पूजा-अर्चना के साथ 30 सुसज्जित रथों को झारखंड के सभी 30 सांगठनिक जिलों के लिए रवाना किया जाएगा। जिलों में पहुंचने के बाद यह कलश वंदन यात्रा मंडलों, पंचायतों और गांवों के मंदिरों तक पहुंचेगी तथा समरसता और सामाजिक सद्भाव का संदेश देगी। अमर बाउरी ने बताया कि इस भव्य अभियान की शुरूआत 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर संत रविदास की जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर, वाराणसी (काशी) की पवित्र मिट्टी युक्त कलश के साथ की गई थी। यह कलश वंदन यात्रा झारखंड सहित विभिन्न राज्यों का भ्रमण कर रही है। अमर कुमार बाउरी ने कहा कि भाजपा संत रविदास की 650वीं जयंती को व्यापक स्तर पर मनाने के लिए पूरे राज्य में जनसंपर्क अभियान चलाएगी। इस अभियान के माध्यम से समाज में समरसता, समानता, सेवा और मानवता के मूल्यों को मजबूत करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह अभियान 20 फरवरी 2027 को संत रविदास की जयंती के अवसर पर संपन्न होगा। तब तक कलश वंदन यात्रा और विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों के माध्यम से राज्य के गांव-गांव तक संत रविदास के विचारों और संदेशों को पहुंचाया जाएगा।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने पूर्व विधायक इंद्रजीत महतो व विधायक मथुरा प्रसाद महतो के पुत्र का जाना हालचाल

रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने रविवार को धनबाद स्थित एसजेएस सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल पहुंचकर सिंदरी के पूर्व विधायक इंद्रजीत महतो से मुलाकात की। उन्होंने उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। साथ ही ईश्वर से प्रार्थना की कि वे उन्हें उत्तम स्वास्थ्य और लंबी आयु प्रदान करें। इसके बाद आदित्य साहू धनबाद के बरामुड़ी स्थित असर्फी हॉस्पिटल पहुंचे, जहां उन्होंने विधायक मथुरा प्रसाद महतो के पुत्र से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। उन्होंने उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए ईश्वर से जल्द पूरी तरह स्वस्थ होने की प्रार्थना की। इस अवसर पर आदित्य साहू ने कहा कि सुख-दुख के समय एक-दूसरे का हालचाल लेना और साथ खड़ा रहना हमारी सामाजिक और मानवीय जिम्मेदारी है। उन्होंने दोनों परिवारों के प्रति अपनी शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। इस अवसर पर सांसद ढुल्लू महतो, विधायक राज सिन्हा, सरोज सिंह, तारा देवी, संजीव अग्रवाल, सुरेश साव, सहित अन्य कई उपस्थित रहे।

## अवैध बालू कारोबार पर बाबूलाल मरांडी का सरकार पर हमला, बोले-

# एनजीटी की रोक के बावजूद किसके संरक्षण में जारी है खनन

बंशीधर न्यूज



**रांची।** झारखंड में कथित अवैध बालू कारोबार को लेकर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने सवाल उठाया कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) की रोक के बावजूद आखिर किसके संरक्षण में नदियों से बालू का अवैध उठाव और परिवहन जारी है।

रविवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी अपने बयान में मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूरे मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की। उन्होंने कहा कि मॉनसून के दौरान बालू उठाव पर प्रतिबंध होने के बावजूद रांची सहित राज्य के कई जिलों में बिना नंबर प्लेट और बिना वैध दस्तावेजों के बालू लदे ट्रक खुलेआम सड़कों पर दौड़ रहे हैं।

नेता प्रतिपक्ष ने सवाल किया कि जब ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर आम लोगों की बाइक और कार का कैमरों के माध्यम से चालान काटा जा सकता है, तो बिना नंबर प्लेट चल रहे बालू ढोने वाले ट्रकों पर कार्रवाई क्यों नहीं की जाती। उन्होंने पूछा कि क्या कानून केवल आम नागरिकों के लिए ही लागू होता है।

मरांडी ने कहा कि अवैध बालू खनन से नदियों की प्राकृतिक संरचना प्रभावित होती है, भूजल स्तर पर प्रतिकूल असर पड़ता है और पर्यावरण को दीर्घकालिक नुकसान पहुंचता है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस तरह की अवैध गतिविधियों के कारण राज्य सरकार को राजस्व का भी भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अवैध बालू खनन और परिवहन के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने की मांग करते हुए कहा कि इससे न केवल पर्यावरण और नदियों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी, बल्कि सरकारी राजस्व की भी रक्षा हो सकेगी।

# कैच द रेन अभियान के तहत चित्रकला प्रतियोगिता, जल संरक्षण का दिया संदेश




बंशीधर न्यूज

**छतरपुर :** जल संरक्षण और पर्यावरण के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से छतरपुर नगर पंचायत द्वारा 'कैच द रेन' अभियान के तहत कमलबास बालिका उच्च विद्यालय एवं राजकीयकृत उच्च विद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने वर्षा जल संचयन, जल संरक्षण, हरियाली, प्रदूषण नियंत्रण और पर्यावरण संरक्षण विषयों पर आकर्षक चित्र बनाकर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। उस मौके पर नपं अध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता ने कहा कि छतरपुर के विद्यार्थियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उनकी रचनात्मक सोच यह दर्शाती है कि नई पीढ़ी जल और पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजग है। उन्होंने कहा कि बढ़ते पेयजल संकट और पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक नागरिक को जल की हर बूंद बचाने का संकल्प लेना होगा। इससे आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित और स्वच्छ भविष्य सुनिश्चित किया जा सकेगा। उपाध्यक्ष मंजीत यादव ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के समन्वयक एवं कनीय अभियंता पंकज कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में चयनित उत्कृष्ट प्रतिभागियों को 15 अगस्त को नगर पंचायत कार्यालय परिसर में आयोजित समारोह में पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में जेई अभिषेक कुमार, विधि सहायक अभिषेक कुमार, प्रधानाध्यापिका मधुमाला सिंह, प्रधानाध्यापक उदयदत्त मिश्रा, शिक्षक सुमन कुमार, संजय सिंह, भोला कुमार, शशिकांत कुमार, जयप्रकाश गुप्ता सहित नगर पंचायत के कर्मी एवं शिक्षक उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### दिनदहाड़े चोरी, लाखों के जेवर-नकदी ले उड़े

**मेदिनीनगर:** शहर थाना क्षेत्र अंतर्गत नई मोहल्ला में शनिवार को दिनदहाड़े चोरी की घटना हुई है। अज्ञात लोगों ने डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन में कार्यरत एक महिला रेलकर्मी के किराये के मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपये के जेवर, नकदी व महत्वपूर्ण दस्तावेज चोरी कर ली। इस संबंध में भुक्तभोगी सरिता कुमारी ने शहर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। भुक्तभोगी मूल रूप से पटना की रहनेवाली है और पिछले दो वर्षों से डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन में कार्यरत हैं। वह अपने दो बच्चों के साथ नई मोहल्ला स्थित अनिल अग्रवाल के मकान में किराये पर रहती हैं। आवेदन में उसने कहा है कि शनिवार सुबह करीब आठ बजे बच्चों को स्कूल भेजने के बाद वह घर में ताला लगाकर ड्यूटी चली गई। दोपहर करीब दो बजे जब वह वापस लौटी, तो घर का मुख्य दरवाजा खुला मिला और ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो दोनों अलमारियों के ताले भी टूटे हुए थे और पूरा सामान बिखरा पड़ा था। चोरों घर से करीब आठ लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात, 40 हजार रुपये नकद व कई महत्वपूर्ण दस्तावेज की चोरी की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बरडीहा पांच साल बाद खुला रास्ता

# प्रशासन की पहल से हटने लगा अतिक्रमण

बंशीधर न्यूज



**बरडीहा :** प्रखंड की सलगा पंचायत में वर्षों से लंबित सार्वजनिक सड़क विवाद के समाधान की दिशा में प्रशासन ने अहम पहल की है। बीडीओ सह सीओ प्रवीण कुमार सिंह ने स्वयं गांव पहुंचकर मामले की जांच की और उनके हस्तक्षेप के बाद पांच वर्षों से सार्वजनिक रास्ते पर किये गये अवैध कब्जे को हटाने की प्रक्रिया शुरू हो गई। जानकारी के अनुसार बीडीओ श्री सिंह प्रतिदिन की तरह सुबह पैदल भ्रमण पर निकले थे। इस दौरान करीब चार किलोमीटर पैदल चलकर वे सलगा पंचायत के विभिन्न टोलों में पहुंचे और ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। बैगा टोली पहुंचने तक लगभग 150 ग्रामीण एवं बच्चे उनके साथ हो गये। ग्रामीणों ने शिकायत की कि महेंद्र यादव द्वारा सार्वजनिक सड़क पर अतिक्रमण किये जाने से पिछले पांच वर्षों से आवागमन बाधित था। शिकायत मिलने पर अंचल अमीन अमलेश यादव की मौजूदगी में सीओ ने स्थल का निरीक्षण किया और संबंधित व्यक्ति को तत्काल अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया। प्रशासनिक पहल के बाद महेंद्र यादव ने कब्जा हटाने पर सहमति जताई। वहीं अमीन को पूरे मार्ग की मापी कर अतिक्रमण चिह्नित करते हुये रास्ते को पूरी तरह कब्जामुक्त कराने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान सलगा चौक स्थित बंद पड़े सामुदायिक शौचालय का भी जायजा लिया गया। बीडीओ ने स्थानीय दुकानदार को शौचालय की चाबी सौंपते हुये इसे आम लोगों के लिये तत्काल चालू कराने तथा साफ-सफाई की व्यवस्था बनाये रखने के लिये नाममात्र का शुल्क लेने का निर्देश दिया। इसके अलावा जर्जर सड़क का निरीक्षण कर सलगा मुखिया उमेश प्रजापति को सड़क निर्माण का प्रस्ताव भेजकर जल्द कार्य शुरू कराने को कहा। मौके पर सलगा मुखिया उमेश प्रजापति, अंचल अमीन अमलेश यादव सहित काफी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित थे।

## युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं : अभय वर्मा

बंशीधर न्यूज




**मेदिनीनगर :** अभाविप पलामू ने प्रेस वार्ता कर जेपीएससी एवं जेएसएससी की विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में सामने आई कथित अनियमितताओं, प्रश्नपत्र लीक और परिणामों में गड़बड़ी पर गहरी चिंता व्यक्त की। परिषद ने पूरे मामले की सीबीआई से निष्पक्ष जांच कराने, दोषियों पर कठोर कार्रवाई करने तथा प्रभावित अभ्यर्थियों को न्याय दिलाने की मांग की। अभाविप के प्रदेश सह मंत्री अभय वर्मा ने कहा कि झारखंड के लाखों युवाओं के भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़ को विद्यार्थी परिषद किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि भर्ती परीक्षाओं में लगातार सामने आ रही अनियमितताओं ने राज्य की परीक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सरकार को पूरे मामले की सीबीआई जांच कराकर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलानी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र ठोस कदम नहीं उठाया तो अभाविप पूरे झारखंड में चरणबद्ध एवं व्यापक छात्र आंदोलन चलाएगी। रामाशंकर पासवान ने कहा कि वर्षों तक कठिन परिश्रम करने वाले अभ्यर्थियों के सपनों को भ्रष्टाचार और अनियमितताओं की भेंट नहीं चढ़ने दिया जाएगा। उत्कर्ष तिवारी ने कहा कि बार-बार भर्ती प्रक्रियाओं में गड़बड़ियां सामने आने से युवाओं का धैर्य जवाब दे चुका है। लाखों अभ्यर्थियों का भविष्य अधर में लटक गया है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद युवाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए सदैव संघर्षरत रही है और आगे भी रहेगी।

## महिला हत्या मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

**मेदिनीनगर :** शहर थाना क्षेत्र अंतर्गत रेड़मा स्थित भगवती अस्पताल के पीछे झरना टोला में 26 अप्रैल 2026 को हुई अज्ञात महिला हत्याकांड में पुलिस ने दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी गढ़वा जिले के डंडई थाना क्षेत्र के बालेखांड़ गांव निवासी उपेन्द्र कुमार पिता केश्वर राम है। इस संबंध में पुलिस अधिकारियों ने बताया कि उपेन्द्र की गिरफ्तारी तकनीकी शाखा और शहर थाना की संयुक्त कार्रवाई में हुई है। इससे पूर्व 30 अप्रैल 2026 को उसकी पत्नी चंदा देवी को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। गिरफ्तार उपेन्द्र कुमार के खिलाफ गढ़वा जिले के रंका, डंडई व रमकंडा तथा पलामू जिले रामगढ़ व चैनपुर थाना में लूट, अपहरण, आर्म्स एक्ट और पॉक्सो एक्ट समेत कई पुराने आपराधिक मामले दर्ज है।

## राष्ट्रीय पर्वों पर स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को सम्मानित करने की मांग



**मेदिनीनगर :** वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट की सचिव शर्मिला सुरभि ने डीसी को आवेदन देकर जिले के सभी स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को प्रत्येक वर्ष स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस के जिला स्तरीय ध्वजारोहण समारोह में सम्मानपूर्वक आमंत्रित कर सम्मानित करने की मांग की है। डीसी को सौंपे आवेदन में उन्होंने कहा कि देश की आजादी लाखों स्वतंत्रता सेनानियों के अदम्य साहस, संघर्ष, त्याग और बलिदान का परिणाम है। ऐसे वीर सेनानियों के परिजनों का सम्मान करना केवल प्रशासन ही नहीं, बल्कि पूरे समाज का भी नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के परिवार हमारी गौरवशाली ऐतिहासिक विरासत के संवाहक हैं। राष्ट्रीय पर्वों पर उनका सार्वजनिक सम्मान नई पीढ़ी को देशभक्ति, राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देगा। शर्मिला सुरभि ने जिला प्रशासन से इस परंपरा की शुरूआत कर स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को सम्मानपूर्वक स्मरण करने की पहल करने का आग्रह किया।

## इनर व्हील क्लब की नई टीम ने संभाली कमान, सेवा कार्यों का लिया संकल्प




**गढ़वा :** इनर व्हील क्लब ऑफ गढ़वा ग्लोरियस की ओर से नवादा मोड़ स्थित आशीर्वाद मैरिज हॉल में द्वितीय पदस्थापना समारोह एवं श्रावणी उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ प्रियंका सिंह एवं विशिष्ट अतिथि हाईकोर्ट की अधिवक्ता चंचल ठाकुर ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समारोह में वर्ष 2026-27 के लिये नई कार्यकारिणी का पदभार ग्रहण कराया गया। दीपाली अग्रवाल को अध्यक्ष, विनीता आनंद को उपाध्यक्ष, रुचि अग्रवाल को सचिव, ममता कश्यप को कोषाध्यक्ष तथा शोभा सोनी को आईएसओ बनाया गया। वहीं सोनी गुप्ता, अर्चना कश्यप, श्वेता सोनी और शोभा कश्यप को कार्यकारिणी सदस्य की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा पर्यावरण संरक्षण के लिये श्वेता अग्रवाल, महिला सशक्तिकरण के लिए प्रीति रानी कश्यप तथा युवा शक्ति विकास एवं शिक्षा के लिये शालिनी अग्रवाल को प्रोजेक्ट चेयरमैन बनाया गया। क्लब में छह नये सदस्यों का भी इंडक्शन कराया गया। मौके पर मुख्य अतिथि डॉ प्रियंका सिंह ने कहा कि महिलाएं जब संगठित होकर समाजहित में कार्य करती हैं तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने क्लब के सेवा कार्यों की सराहना करते हुये भविष्य में भी इसी समर्पण के साथ कार्य करते रहने की शुभकामनाएं दीं। चंचल ठाकुर ने रक्तदान, चिकित्सा सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे कार्यों को अनुकरणीय बताते हुये हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष दीपाली अग्रवाल ने कहा कि नये सत्र में महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान, पर्यावरण संरक्षण एवं बुजुर्गों के स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रमों को प्राथमिकता दी जायेगी। कार्यक्रम का संचालन रजनी गुप्ता एवं प्रीति गुप्ता ने किया। मौके पर लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ग्रीन के अध्यक्ष विजय सोनी, सचिव हर्ष अग्रवाल, संजय सोनी, अनिल सोनी, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष अनिता दत्त, वैश्य महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष कंचन जायसवाल, रीमा स्वरूप, रितु जायसवाल, रंजना जायसवाल, कंचन कश्यप, रीना कुमारी सहित काफी संख्या में क्लब की सदस्याएं एवं अन्य उपस्थित थे।

## गढ़वा में शिक्षा की नई पहल, कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी का स्कूल भवन तैयार, विधिवत पूजन सम्पन्न

# सामाजिक बदलाव भी संस्था का लक्ष्य : विकास माली

### जल्द शुरू होगी निःशुल्क पढ़ाई

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** जिले में शिक्षा और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में एक नई पहल करते हुये कन्या विवाह एंड विकास सोसाईटी द्वारा निर्मित विद्यालय भवन का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। बाईपास रोड स्थित मुक्ति धाम के समीप बने इस नये स्कूल भवन का शनिवार को संस्था के सचिव विकास कुमार माली ने विधिवत पूजा-अर्चना कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय परिसर में पूजा कर समाज के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय भवन पूर्ण होने पर विकास कुमार माली ने कहा कि संस्था लंबे समय से शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने की योजना पर काम कर रही थी। उन्होंने बताया कि कन्या विवाह एंड विकास सोसाईटी द्वारा इससे पहले बिहार में एक विद्यालय का संचालन किया जा रहा है, जहां नर्सरी से कक्षा पांच तक के बच्चों को पूरी तरह निःशुल्क शिक्षा दी जाती है। उसी मॉडल पर अब गढ़वा में भी विद्यालय शुरू किया जायेगा, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने कहा कि विद्यालय भवन पूरी तरह तैयार हो चुका है और आवश्यक प्रशासनिक एवं शैक्षणिक तैयारियां पूरी होते ही यहां नियमित रूप से कक्षाओं का संचालन शुरू कर दिया जायेगा। संस्था का प्रयास रहेगा कि गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ संस्कार और नैतिक मूल्यों की भी शिक्षा दी जायेगी। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य केवल एक विद्यालय खोलना नहीं, बल्कि समाज में शिक्षा, जागरूकता और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है। संस्था ने उम्मीद जताई कि विद्यालय शुरू होने के बाद गढ़वा में शिक्षा के क्षेत्र में एक नई सकारात्मक शुरूआत होगी।

# पुलिस ने चलाया अड्डेबाजी करनेवालों के खिलाफ अभियान, 120 से ज्यादा हिरासत में



**बंशीधर न्यूज**

**मेदिनीनगर :** पलामू पुलिस ने कानून-व्यवस्था को मजबूत करने और असामाजिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के उद्देश्य से सभी थाना क्षेत्रों में अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थानों, चौक-चौराहों और संवेदनशील इलाकों में देर रात तक अड्डेबाजी करने वाले, मयकशों और खुलेआम शराबखोरी करने वाले 120 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया। पुलिस टीमों ने उन स्थानों पर विशेष निगरानी रखी, जहां लगातार अड्डेबाजी, नशेबाजी और संदिग्ध गतिविधियों की शिकायतें मिल रही थीं। हिरासत में लिए गए सभी लोगों को संबंधित थानों में लाकर पूछताछ और सत्यापन किया गया तथा कड़ी चेतावनी देते हुए उन्हें छोड़ दिया गया। पुलिस ने स्पष्ट किया कि भविष्य में अड्डेबाजी, नशेबाजी, खुलेआम शराबखोरी या शांति व्यवस्था भंग करने जैसी हरकत दोबारा करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एसपी श्री चौधरी ने कहा कि देर रात होनेवाली अड्डेबाजी और नशेबाजी कई बार गंभीर घटनाओं की वजह बनती है। नशे की हालत में मामूली विवाद भी मारपीट, फायरिंग और हत्या जैसी वारदातों का रूप ले लेते हैं इसलिए पुलिस का मकसद सिर्फ घटना के बाद कार्रवाई ही नहीं, बल्कि ऐसी गतिविधियों पर पहले ही रोक लगाना है।

## न्यूज अपडेट्स

### गांजा और अवैध हथियार के साथ चार आरोपी गिरफ्तार, लोडेड देसी कट्टा व नकदी बरामद

**लेस्लीगंज :** मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध हथियार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पिपराटांड़ थाना पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 1.020 किलोग्राम गांजा, एक लोडेड देसी कट्टा, एक जिंदा कारतूस, 17,600 रुपये नकद तथा दो मोटरसाइकिल बरामद की हैं। लेस्लीगंज में आयोजित प्रेस वार्ता में एसडीपीओ प्रशांत कुमार ने बताया कि पहली कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम टुनुदाग के समीप की गई। पुलिस ने एक पल्सर मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्ध युवकों को रोककर तलाशी ली। जांच के दौरान उनके पास से 1.020 किलोग्राम गांजा और गांजा की खरीद-बिक्री से संबंधित 17,600 रुपये नकद बरामद हुए। इस मामले में पुलिस ने बाइक जब्त करते हुए देवेंद्र सिंह उर्फ टुनु सिंह तथा चंदन सिंह, दोनों निवासी पिपराटांड़ थाना क्षेत्र, को गिरफ्तार कर लिया। दूसरी कार्रवाई बहेरा बाजार में की गई। सूचना के आधार पर एक पल्सर मोटरसाइकिल की तलाशी लेने पर उसकी डिक्की से एक लोडेड देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। इस मामले में दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। दोनों मामलों में जब्त सामान को विधिवत कब्जे में लेकर आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। सभी गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। प्रेस वार्ता में पिपराटांड़ थाना प्रभारी निलेश कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं जवान उपस्थित थे।

**अध्यात्म** राजापहाड़ी शिव मंदिर आस्था, शांति एवं दिव्यता का अद्भुत संगम

# प्राकृतिक सौंदर्य के श्रृंगार से सराबोर है राजा पहाड़ी का शिव मंदिर

**नीलू चौबे**

**श्री बंशीधर नगर :** राजापहाड़ी शिव मंदिर आस्था, शांति एवं दिव्यता का अद्भुत संगम है। श्री बंशीधर नगर अनुमंडल मुख्यालय से दो किलोमीटर उत्तर में राजा पहाड़ी की पांच सौ फीट ऊंचाई पर स्थित शिव मंदिर पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं को बरबस अपनी ओर आकर्षित करता है। पेड़ पौधों से अच्छादित प्रकृति द्वारा खूबसूरती से संवारे गये मनोरम स्थल इस पहाड़ी पर पहुंचते ही स्वर्गिक आनंद की अनुभूति होती है। राजा पहाड़ी के ऊपर से श्री बंशीधर नगर शहर एवं आसपास के दृश्यों को देखने पर ऐसा प्रतीत होता है मानों किसी महान चित्रकार ने फुर्सत के क्षण में एक बड़े कैनवास पर चित्रों को उकेरा है। राजा पहाड़ी से सटे उत्तर में चर्च, दक्षिण में कब्रिस्तान और पश्चिम में कर्बला और प्राकृतिक सौंदर्य के श्रृंगार से सराबोर भगवान शिव का 500 फीट ऊंची चोटी पर मंदिर विद्यमान है। ऐसा प्रतीत होता है मानों इन सबके बीच आशुतोष भगवान भोलेनाथ साक्षात विराजमान होकर विश्व कल्याण का संदेश इस पवित्र श्री बंशीधर नगरी से दे रहे हैं। लगभग 110 वर्षों पूर्व स्थापित शिवलिंग के दर्शन एवं पूजन अर्चन के लिये प्रतिवर्ष श्रावण मास में भक्तों का जनसैलाब उमड़






पड़ती है। पड़ोसी राज्यों से शिवभक्त कांधे पर कांवर में जल लेकर आते हैं तथा भगवान भोलेनाथ पर जलाभिषेक कर खुद को धन्य समझते हैं।

### श्रद्धालुओं के लिये आस्था का केंद्र है राजा पहाड़ी शिव मंदिर



**श्री बंशीधर नगर :** राजा पहाड़ी शिव मंदिर श्रद्धालुओं के लिये आस्था का केंद्र है। प्रत्येक वर्ष श्रावण माह में यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगती है। एक माह तक श्रावणी मेला लगता है। यहां झारखंड के विभिन्न जिलों के साथ-साथ सीमावर्ती उत्तरप्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं बिहार के श्रद्धालु बाबा भोलेनाथ पर जलाभिषेक कर मनवांछित फल की कामना करते हैं। श्रद्धालुओं का मानना है कि यहां पूजा अर्चना करने से उनकी मन्नतें पूरी हो जाती है। पहाड़ी की चोटी पर भगवान शिव का मंदिर है। यह काफी मनोरम स्थल है। चारो तरफ पेड़ पौधों एवं हसीन वादियों के कारण यह मंदिर श्रद्धालुओं को सहसा अपनी ओर आकर्षित करता है। मंदिर समिति की ओर से प्रतिवर्ष बड़े ही धूमधाम से श्रावणी महोत्सव का आयोजन किया जाता था। किन्तु इस बार मेला का आयोजन राजा पहाड़ी शिव मंदिर प्रबंधन समिति के द्वारा किया जा रहा है। मंदिर परिसर में कई निर्माण कार्य हुये है, जो मंदिर परिसर में नागरिक सुविधाओं के साथ-साथ मंदिर की खूबसूरती में भी चार चांद लगा रहे है। इस निर्माण कार्य में प्रशासन एवं जन प्रतिनिधियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। मंदिर परिसर में सामुदायिक भवन, सभागार, यात्री शेड बनाये गये हैं। मंदिर जाने के लिये पीसीसी पथ, पार्क, लाईट एवं पेयजल की व्यवस्था है। इन सुविधाओं के कारण यहां प्रतिवर्ष वैवाहिक कार्यक्रम के लिये भी लोग आते हैं। राजापहाड़ी केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि मन को सुकून और आत्मा को नई ऊर्जा देने वाला पावन स्थल भी है।

### श्रावणी मेला की तैयारी पूरी, उदघाटन आज



**श्री बंशीधर नगर :** श्रावण मास में यहां राजा पहाड़ी स्थित शिव मंदिर में एक माह तक लगने वाला श्रावणी मेला की तैयारी पूरी कर ली गई है। पहली सोमवारी को मेला का शुभारंभ विधायक सह राजा पहाड़ी शिव मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा, डीसी पशुपतिनाथ मिश्रा एवं एसपी आशुतोष शेखर करेंगे। इसकी जानकारी देते हुये प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष रजनीकांत मधुर उर्फ भोलू ने बताया कि श्रावणी मेले की तैयारी पूरी कर ली गई है। मंदिर को फूल मालाओं के साथ साथ इलेक्ट्रॉनिक झालरों से खूबसूरत तरीके से सजाया गया है। मेन रोड से लेकर मंदिर तक सड़क में लाईट एवं झालर लगाये गये हैं। उन्होंने बताया कि पहली सोमवारी को देखते हुये श्रद्धालुओं को दर्शन पूजन में कोई परेशानी न हो इसके लिये पुलिस प्रशासन के साथ साथ स्थानीय स्वयंसेवकों को लगाया गया है।

**15 अक्टूबर तक चलेगी कांग्रेस की पंचायत परामर्श यात्रा**

# गांव-गांव सुनेंगे जनता की समस्याएं : केएन त्रिपाठी

**बंशीधर न्यूज**




**मेदिनीनगर :** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता कृष्णानंद त्रिपाठी (केएन त्रिपाठी) ने रविवार को पाटन प्रखंड की विभिन्न पंचायतों का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की पंचायत परामर्श यात्रा का उद्देश्य गांव-गांव पहुंचकर आम लोगों की समस्याओं को समझना, उनके समाधान के लिए पहल करना तथा पंचायत स्तर तक संगठन को मजबूत बनाना है। रविवार सुबह शुरू हुई यात्रा के दौरान केएन त्रिपाठी ने मेराल, हिसरा बरवाडीह, सिरमा, राजहरा, सगुना, सेमरी, पंचकेड़िया और नवाखास पंचायत सचिवालयों में ग्रामीणों के साथ बैठक की। लोगों ने अंचल, प्रखंड और थाना स्तर पर होने वाली परेशानियों, सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, राजस्व संबंधी मामलों, प्रमाण-पत्र निर्गत करने में विलंब, भूमि विवाद तथा प्रशासनिक कार्यों में आ रही कठिनाइयों से उन्हें अवगत कराया। बैठक में छात्रों और युवाओं ने प्रतियोगी परीक्षाओं में भाषा संबंधी समस्याएं भी उठाईं। उनका कहना था कि कई परीक्षाओं में हिंदी का समुचित विकल्प उपलब्ध नहीं होने तथा मगही और भोजपुरी जैसी क्षेत्रीय भाषाओं को शामिल नहीं किए जाने से ग्रामीण अभ्यर्थियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। केएन त्रिपाठी ने बताया कि पंचायत परामर्श यात्रा के तहत पलामू की 283, गढ़वा की 189 तथा लातेहार की 115 पंचायतों का दौरा किया जाएगा। यह अभियान 15 अक्टूबर तक चलेगा। प्रत्येक पंचायत भवन में बैठक कर लोगों की समस्याएं सुनी जाएंगी और उनके समाधान के लिए प्रशासनिक व जनप्रतिनिधि स्तर पर पहल की जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता के साथ सीधा संवाद स्थापित कर उनकी आवाज को मजबूती से उठाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### छह अभियुक्त गिरफ्तार



**गढ़वा :** रंका थाना क्षेत्र में अपराधियों और फरार आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने विशेष छापेमारी अभियान चलाकर छह अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। अभियान का नेतृत्व थाना प्रभारी सह पुलिस अवर निरीक्षक रवि कुमार केशरी ने किया। इस दौरान रंका थाना के पुलिस पदाधिकारियों एवं सशस्त्र बलों ने विभिन्न स्थानों पर सघन छापेमारी कर कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार यह अभियान विभिन्न कांडों के अभियुक्तों, वारंटियों एवं फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ-साथ न्यायालय द्वारा जारी वारंट एवं कुर्की आदेशों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाया गया। अभियान के दौरान थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर कुल छह अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अपराध नियंत्रण और न्यायालय के आदेशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के लिये इस तरह के विशेष अभियान लगातार चलाये जाएंगे। गढ़वा पुलिस ने स्पष्ट किया कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाये रखने तथा अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। पुलिस ने कहा कि फरार आरोपियों, वारंटियों और अपराध में संलिप्त लोगों के खिलाफ आगे भी लगातार विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की जायेगी, ताकि आम लोगों में सुरक्षा की भावना बनी रहे और अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके।



## ऋतिक रोशन पर बरसीं कंगना रनौत

अभिनेता ऋतिक रोशन और अभिनेत्री कंगना रनौत के बीच वर्षों पुराना विवाद एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। सोशल मीडिया पर 'सॉरी ऋतिक' ट्रेंड वायरल होने के बाद दोनों के बीच बयानबाजी का नया दौर शुरू हो गया है। ऋतिक की प्रतिक्रिया के कुछ घंटों बाद कंगना ने इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए उन पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें पुराने विवाद को हवा देने के बजाय अपनी साथी सबा आजाद का सम्मान करना चाहिए। पूरा विवाद उस समय फिर चर्चा में आया जब नीट पेपर लीक के विरोध में प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर कंगना की टिप्पणी के बाद सीजेपी के प्रवक्ता सौरव दास ने तंज कसते हुए कहा कि वह ऋतिक जैसे दिखते हैं, इसलिए कंगना उन पर नाराज हैं। इसके बाद सोशल मीडिया पर 'सॉरी ऋतिक' ट्रेंड शुरू हो गया। इस ट्रेंड पर प्रतिक्रिया देते हुए ऋतिक ने कहा कि वह बिना पूरी जानकारी और सच्चाई जाने कोई टिप्पणी नहीं करेंगे। ऋतिक के इस बयान पर कंगना ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके नाम का इस्तेमाल कर कुछ लोग उन्हें ट्रोल कर रहे हैं, लेकिन ऋतिक ऐसे लोगों की आलोचना करने के बजाय चुप्पी साधे हुए हैं। कंगना ने लिखा कि चूंकि ऋतिक अब एक स्थिर रिश्ते में हैं, इसलिए उन्हें किसी महिला को परेशान करने जैसी स्थिति पैदा नहीं करनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि बेवजह आग में घी डालना और अपनी पार्टनर को असहज करना उचित नहीं है।

## कुकू टीवी के 'सबसे बड़ा ड्रामेबाज' के टॉप-12 में पहुंचे अनस मलिक



कुकू टीवी के पहले रियलिटी एक्टिंग माइक्रोड्रामा शो 'सबसे बड़ा ड्रामेबाज' में प्रयागराज के युवा कलाकार अनस मलिक ने अपनी जगह बनाकर शहर का नाम रोशन किया है। देशभर से आए 2,000 से अधिक डिजिटल ऑडिशन और करोड़ों व्यूज के बाद दर्शकों की वोटिंग के आधार पर चुने गए टॉप-12 प्रतिभागियों में अनस भी शामिल हैं। अनस मलिक का सफर संघर्ष और मेहनत से भरा रहा है। आर्थिक चुनौतियों के बीच पले-बढ़े अनस ने कम उम्र में ही परिवार की जिम्मेदारियों को संभालना शुरू कर दिया था। उन्होंने प्रयागराज के गंगा घाटों पर फोटोग्राफी का काम किया और बाद में सोशल मीडिया के जरिए अपनी पहचान बनाई। परिवार के जयपुर शिफ्ट होने के बाद उन्होंने बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई जारी रखते हुए पिता के काम में भी सहयोग किया। वर्ष 2020 में एक ऑडिशन के जरिए अभिनय की दुनिया में कदम रखने वाले अनस ने थिएटर से अभिनय का प्रशिक्षण लिया और अब मुंबई में अपने अभिनय करियर को आगे बढ़ा रहे हैं। अब अनस शो के अन्य 11 फाइनलिस्ट के साथ 10 लाख रुपये की पुरस्कार राशि और कुकू टीवी के आगामी माइक्रोड्रामा में मुख्य भूमिका हासिल करने के लिए मुकाबला करेंगे। शो को अभिनेता राकेश बेदी, अभिनेत्री जन्नत जुबैर और रियलिटी स्टार प्रिंस नरूला जज करेंगे। लगभग दो-दो मिनट की अवधि वाले 45 से 60 एपिसोड में प्रतिभागियों को अभिनय आधारित चुनौतियों, मेंटरशिप, एलिमिनेशन और उनके संघर्षों से जुड़ी कहानियों के जरिए परखा जाएगा।

# महाराष्ट्र के विदर्भ में मूसलाधार बारिश से 3 दिनों में 10 की मौत, कई गांव जलमग्न



# तीसरी बार प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनने पर डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी का सम्मान

### तिरंगा यात्रा की सफलता को लेकर बनी रणनीति

### सिंगसिगी में भाजपा ग्रामीण मंडल की बैठक संपन्न

बंशीधर न्यूज




**विश्रामपुर :** सिंगसिगी स्थित युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अनुज चौधरी के आवास पर तिरंगा यात्रा को सफल बनाने को लेकर बैठक आयोजित की गई। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी को लगातार तीसरी बार प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोनीत किये जाने पर सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया।

बैठक में ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विकास चौबे उर्फ मिंटू चौबे, जिला उपाध्यक्ष डॉ बीपी शुक्ला व अनुज कुमार चौधरी ने डॉ चंद्रवंशी को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। वहीं उपस्थित कार्यकताओं ने फूल-माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया। मौके पर डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि तिरंगा यात्रा राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। उन्होंने सभी कार्यकताओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर यात्रा को सफल बनाने का आह्वान किया। साथ ही कहा कि हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा अभियान को जन-जन तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। बैठक में जिला उपाध्यक्ष डॉ बीपी शुक्ला, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विकास चौबे, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अनुज चौधरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी, शिवबंश मिश्रा, राधेश्याम चौधरी, विवेकानंद सिंह, कृष्णा विश्वकर्मा, महिला मंडल अध्यक्ष किरण दुबे, पूर्व महिला मंडल अध्यक्ष रीता सिंह, धीरन तिवारी, मुखिया राधाकृष्ण साव, मनोज मिश्रा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## उंटारी में लकवाग्रस्त मरीजों के लिये विशेष अस्पताल शुरू, अब इलाज के लिये बाहर नहीं जाना पड़ेगा



**उंटारी रोड :** प्रखंड क्षेत्र के लकवाग्रस्त (पक्षाघात) मरीजों के लिये राहत भरी खबर है। प्रखंड मुख्यालय स्थित चेचरिया मुख्यपथ के किनारे रविवार को एक विशेष लकवा क्लिनिक का शुभारंभ किया गया है। इसके शुरू होने से अब क्षेत्र के मरीजों को इलाज के लिये दूसरे शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। जिससे समय और आर्थिक आर्थिक बोझ दोनों में कमी आयेगी। क्लिनिक का उद्घाटन डॉ राजेश पंडित व डॉ मार्शल की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। डॉ राजेश पंडित ने कहा कि लकवा जैसी गंभीर बीमारी में समय पर उपचार और नियमित फिजियोथेरेपी बेहद जरूरी होती है। अब स्थानीय स्तर पर बेहतर परामर्श और उपचार की सुविधा मिलने से मरीजों को काफी लाभ होगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधाओं की कमी के कारण मरीजों को बाहर जाना पड़ता था। इस क्लिनिक के खुलने से क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी। उद्घाटन समारोह में कांग्रेस नेता मोर कुमार शर्मा, विधायक प्रतिनिधि सुनील शर्मा, जितेंद्र शर्मा, मनु तिवारी, सकेन्द्र कुमार, धीरा शर्मा, हरेराम शर्मा, मुकेश कुमार गुप्ता, ललन राम, अनूप ठाकुर, चंदन शर्मा, संजय शर्मा, मिंटु तिवारी, लाली शर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## रांची में होगा भव्य मालवीय जयंती समारोह, तैयारियों को लेकर बनी रणनीति

**गढ़वा :** महामना परिवार झारखंड के तत्वावधान में जूम के माध्यम से आयोजित आभासी बैठक में महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जयंती समारोह-2026 की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में झारखंड के विभिन्न जिलों से 25 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में आगामी 25 दिसंबर को रांची में प्रस्तावित राज्यस्तरीय समारोह को सफल बनाने के लिये संगठनात्मक तैयारियों और जिम्मेदारियों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में वरिष्ठ सदस्य डॉ केके गुप्ता ने संगठन को मजबूत बनाने के लिये अधिकाधिक सदस्यों को जोड़ने तथा डाटा संकलन के माध्यम से सदस्य सूची तैयार करने पर जोर दिया। वहीं श्री मृत्युंजय मिश्र ने आयोजन समिति का शीघ्र गठन कर कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा तैयार करने का सुझाव दिया। महामना परिवार, झारखंड के संयोजक डॉ विमलेन्दु कुमार त्रिपाठी ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज और शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक चेतना का संचार करते हैं तथा महामना पंडित मदन मोहन मालवीय के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनते हैं। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि गूगल फॉर्म के माध्यम से समारोह में भाग लेने वाले सदस्यों का पंजीकरण कराया जायेगा तथा आवश्यक जानकारी एकत्र की जायेगी। साथ ही प्रत्येक जिले के लिये एक जिला समन्वयक नियुक्त करने का प्रस्ताव भी पारित किया गया, जो अपने जिले में आयोजन संबंधी समन्वय एवं व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी निभायेगा। आवश्यकता पड़ने पर बड़े जिलों में अतिरिक्त समन्वयक भी नियुक्त किये जाएंगे। बैठक में डॉ मनोज तिवारी, डॉ अरुण कुमार मिश्र, डॉ शशिकान्त पाण्डेय, डॉ चन्द्रमौलीश्वर, डॉ द्रवीण, राजीव मिश्रा, डॉ रामअचल यादव, डॉ दीपक कुमार सिंह, डॉ देवेन्द्र प्रसाद, मिथिलेश कुमार, भुवन भास्कर, राजेश कुमार विश्वकर्मा, गौतम भारती, डॉ पारंगत खलखो, शनि कुमार चौबे, डॉ विनीता गुरिया सहित कई सदस्यों ने अपने सुझाव दिये। बैठक का शुभारंभ काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के कुलगीत से हुआ तथा संचालन सह-संयोजक डॉ शम्भु तिवारी ने किया।

## कीचड़ में तब्दील हुई सड़क, लोगों का चलना मुश्किल



**कांडी :** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय एवं प्रखंड कार्यालय की बाउंड्री के बीच से गुजरने वाली सड़क इनदिनों पूरी तरह कीचड़ में तब्दील हो गई है। यही सड़क कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय तथा सरकारी राशन गोदाम तक जाती है, लेकिन बारिश के कारण सड़क पर घुटने भर पानी और कीचड़ जमा होने से आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। हालात ऐसे हैं कि इस सड़क पर वाहन चलाना तो दूर, पैदल चलना भी जोखिम भरा हो गया है। प्रतिदिन इसी रास्ते से विद्यालय आने-जाने वाले छात्र-छात्राएं कीचड़ और जलजमाव के बीच गुजरने को मजबूर हैं। कई बच्चे फिसलकर गिर चुके हैं, जिससे उनकी स्कूल ड्रेस गीली और कीचड़ से सनी हुई घर लौटती है। बुजुर्गों के लिये भी यह रास्ता दुर्घटना का कारण बन चुका है और कई लोग गिरकर चोटिल हो चुके हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि पिछले वर्ष भी बारिश के दौरान सरकारी राशन लेकर गोदाम पहुंचा एक ट्रक कई दिनों तक इसी सड़क में फंसा रहा था। इसके बावजूद अब तक सड़क की मरम्मत या जल निकासी की कोई स्थायी व्यवस्था नहीं की गई। इस वर्ष भी स्थिति पहले से अधिक भयावह हो गई है, लेकिन न तो जनप्रतिनिधियों ने और न ही संबंधित विभाग के अधिकारियों ने इस ओर गंभीरता दिखाई है। सबसे हैरानी की बात यह है कि यह सड़क प्रखंड कार्यालय की बाउंड्री से सटी हुई है। यानी प्रशासन की नजर के सामने ही विकास की तस्वीर बदहाल पड़ी है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि जब प्रखंड मुख्यालय की गोद में स्थित सड़क की यह दुर्दशा है, तो दूर-दराज के गांवों और पंचायतों में विकास कार्यों की स्थिति कैसी होगी। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित विभाग से अविलंब सड़क की मरम्मत, जलनिकासी की समुचित व्यवस्था तथा आवागमन सुचारु कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो किसी दिन बड़ा हादसा होने से इनकार नहीं किया जा सकता।

### भर्ती परीक्षाओं की सीबीआई जांच की मांग, एबीवीपी ने सरकार को आंदोलन की चेतावनी

# कार्रवाई नहीं की गयी तो होगा चरणबद्ध आंदोलन

बंशीधर न्यूज




**गढ़वा :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गढ़वा ने राज्य में जेपीएससी एवं जेएसएससी की विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में सामने आई कथित अनियमितताओं, परीक्षा संचालन से जुड़े अधिकारियों की गिरफ्तारी तथा परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसियों की भूमिका को लेकर प्रेसवार्ता कर राज्य सरकार से निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की। परिषद ने कहा कि यदि जल्द ही मांगों पर निर्णय नहीं लिया गया तो राज्यभर में चरणबद्ध आंदोलन चलाया जायेगा। राज्य विश्वविद्यालय कार्य संयोजक मंजुल शुक्ल ने कहा कि प्रदेश के लाखों युवा वर्षों की मेहनत के बाद प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होते हैं। ऐसे में भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर सवाल उठना युवाओं के भविष्य के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि पिछले एक सप्ताह से झारखंड के हजारों अभ्यर्थी रांची के जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में शांतिपूर्ण ढंग से अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं, लेकिन राज्य सरकार अब तक उनकी समस्याओं के प्रति गंभीर नहीं दिख रही है। उन्होंने जेपीएससी एवं जेएसएससी से जुड़े सभी विवादित मामलों की सीबीआई से समयबद्ध एवं निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। विभाग संयोजक प्रिन्स सिंह ने कहा कि जेपीएससी और जेएसएससी का पुनर्गठन किया जाय तथा जिन अधिकारियों, कर्मचारियों, बिचौलियों या परीक्षा एजेंसियों की भूमिका संदिग्ध पाई जाय, उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई हो। उन्होंने कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिये परीक्षा प्रणाली में तकनीकी एवं प्रशासनिक सुधार लागू किये जाएं और भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी बनाई जाय। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र सीबीआई जांच और आयोगों के पुनर्गठन की दिशा में कदम नहीं उठाया तो एबीवीपी राज्यव्यापी जनआंदोलन शुरू करेगी। मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सचिन चौबे, प्रदेश निजी विश्वविद्यालय कार्य सह-संयोजक आनंद कुमार, नगर कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक यादव सहित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक–धीरेन्द्र चौबे, संपादक–धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)